
सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
*The Innovation Engine of India*

# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

त्रैमासिक राजभाषा समाचार बुलेटिन, वर्ष 15, अंक 59

जुलाई, 2026

निशुल्क वितरण के लिए



सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान,
पिलानी-333 031, राजस्थान

## संरक्षक

निदेशक

सीएसआईआर-सीरी

## संपादक

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

## संपादन सहयोग

श्री अंशु गहलोत

कनिष्ठ आशुलिपिक

## प्रकाशक

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

## प्रकाशनाधिकार

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित 'मेडिसिंक' का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी ने स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए रोगियों की मॉनीटरिंग के लिए विकसित आईओटी आधारित स्मार्ट प्लैटफॉर्म "मेडिसिंक" का तकनीकी हस्तांतरण किया। यह प्रौद्योगिकी 'मेसर्स वर्टेक्स मेडिटेक' को दिनांक 1 अप्रैल 2026 को हस्तांतरित की गई। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण संबंधी दस्तावेजों के आदान-प्रदान कार्यक्रम में मेसर्स वर्टेक्स मेडिटेक की ओर से कंपनी के प्रतिनिधि श्री संदीप मुदगल एवं श्री विवेक यादव तथा सीएसआईआर-सीरी की ओर से संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया सहित प्रौद्योगिकी एवं व्यवसाय संवर्धन यूनिट (टी.बी.डी.) के प्रमुख डॉ. नीरज कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, एवं टी.बी.डी. टीम के सदस्य उपस्थित थे। प्रौद्योगिकी विकासकर्ता डॉ. सत्यम श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक ने विकसित डिवाइस (तकनीक) की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य किफायती, विश्वसनीय एवं कनेक्टेड पेशेंट मॉनिटरिंग समाधान प्रदान करना है, जिससे चिकित्सकों को समय पर और सटीक निर्णय लेने में सहायता मिल सके। उन्होंने इस अवसर पर प्रौद्योगिकी विकासकर्ता टीम के साथियों श्री सूरज मुखिया एवं श्री आकाश वाघरे के सहयोग की सराहना की। सीएसआईआर-सीरी में विकसित "मेडिसिंक" एक उन्नत स्मार्ट आईओटी-आधारित मल्टीपैरामीटर पेशेंट मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म है, जो ईसीजी (ECG), ऑक्सीजन सैचुरेशन ($SpO_2$), पल्स रेट, नॉन-इनवेसिव ब्लड प्रेशर (NIBP) तथा शरीर का तापमान जैसे महत्वपूर्ण वाइटल्स को उच्च सटीकता के साथ मापने में सक्षम है।



### ✓ सीएसआईआर–सीरी, पिलानी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती का आयोजन

भारत रत्न एवं भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 14 अप्रैल, 2026 को सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीरी), पिलानी में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के सम्मेलन कक्ष में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों तथा सामाजिक क्षमता एवं न्याय के प्रति उनके योगदान को स्मरण करना एवं उनसे प्रेरणा ग्रहण करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानापन्न निदेशक डॉ. सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक ने की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा स्थापित मूल्यों के अनुरूप कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।





### ✓ सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 1 मई से 15 मई तक "स्वच्छता पखवाड़ा 2026" मनाया गया। भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिव एवं सीएसआईआर मुख्यालय के दिशानिर्देशानुसार संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य संस्थान एवं कॉलोनी परिसर में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सभी कर्मचारियों, वैज्ञानिकों, छात्रों एवं सहकर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। इस कार्यक्रम में संस्थान के नियमित एवं अन्य कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता की। स्वच्छता पखवाड़ा का औपचारिक शुभारंभ 4 मई 2026 को निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया के नेतृत्व में स्वच्छता शपथ ग्रहण के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहकर्मियों ने स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ. पंचारिया ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे हम सभी को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए।





## ✓ सीएसआईआर-सीरी, जयपुर परिसर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026 का आयोजन

सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान के जयपुर परिसर में 11 मई 2026 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस भव्य एवं गरिमामयी रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने की। इस अवसर पर विज्ञान भारती – राजस्थान के सचिव डॉ. मेघेन्द्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, शोधार्थी तथा मीडियाकर्मी उपस्थित थे। श्री हरिभाऊ बागडे जी ने अपने प्रेरक संबोधन में उपस्थित अतिथियों, शोधार्थियों आदि को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए इस दिवस को मनाए जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। सीएसआईआर-सीरी द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीकों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवाचार, अनुसंधान और स्वदेशी तकनीकी विकास ही विकसित भारत की दिशा में सबसे बड़ा आधार बन सकते हैं।







## ✓ सीएसआईआर-सीरी में कंप्यूटर पर हिंदी टंकण एवं ई-टूल्स पर कार्यशाला का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में 8 जून, 2026 को नव नियुक्त कनिष्ठ सचिवालय सहायकों (JSAs), सहायक अनुभाग अधिकारियों (ASOs) तथा अन्य कर्मचारियों के लिए "कंप्यूटर पर हिंदी टंकण एवं ई-टूल्स" विषय पर लघु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को हिंदी में कार्यालयी कार्य करने हेतु प्रेरित करना तथा हिंदी कार्यान्वयन में उपयोगी डिजिटल साधनों एवं ई-टूल्स की जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने प्रतिभागियों को केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान (CHTI) द्वारा संचालित हिंदी टंकण एवं हिंदी भाषा पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।






## ✓ सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर 21 जून, 2026 को योग अभ्यास शिविर एवं 23 जून, 2026 को निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। योग दिवस के अवसर पर प्रतिभागियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराने के लिए योग प्रशिक्षक श्रीमती मुस्कान उपस्थित थीं। योग शिविर का आयोजन सीरी स्टाफ क्लब के सौजन्य से किया गया। इसके अलावा निःशुल्क आयुर्वेदिक रोग निदान एवं उपचार शिविर सीरी आरोग्य निकेतन (सीरी डिस्पेन्सरी) में आयोजित किया गया। दोनों कार्यक्रमों में संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 23 जून, 2026 को संस्थान के सीरी आरोग्य निकेतन में निःशुल्क आयुर्वेदिक रोग निदान एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर सीरी आरोग्य निकेतन में आयुर्वेद चिकित्सक (अस्थायी) डॉ. रमेश पी जाजू ने संस्थान के

निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया एवं प्रशासन नियंत्रक श्री मधुरंजन पाण्डेय का स्वागत किया। शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. रमेश पी. जाजू एवं डॉ. बालकिशन जोशी एवं उनकी टीम ने रोगियों एवं संस्थान के कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया।






## ✓ सीएसआईआर-सीरी द्वारा विकसित दो स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के नो-हाउ लाइसेंसिंग समारोह का आयोजन

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी में दिनांक 12 जून, 2026 को संस्थान के नव-निर्मित सम्मेलन कक्ष में दो स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के तकनीकी जानकारी के आदान-प्रदान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों, नामत: (1) **मिल्क मैस्टाइटिस डिटेक्शन सिस्टम** तथा (2) **कस्टमाइज्ड आरएफ ट्यूब सीलर प्रोटोटाइप** संबंधी तकनीकी जानकारी के हस्तांतरण से संबंधित दस्तावेजों का आदान-प्रदान उद्योग प्रतिनिधियों एवं संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मिल्क मैस्टाइटिस डिटेक्शन सिस्टम की तकनीकी जानकारी का हस्तांतरण राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के माध्यम से मेसर्स नवशाली इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड, हरियाणा को किया गया। कस्टमाइज्ड आरएफ ट्यूब सीलर प्रोटोटाइप की तकनीकी जानकारी मैसर्स रेमी इलेक्ट्रॉटेक्नीक प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को हस्तांतरित की गई।

- **मिल्क मैस्टाइटिस डिटेक्शन सिस्टम** - यह एक पोर्टेबल एवं त्वरित जांच उपकरण है, जिसे दुधारू पशुओं में होने वाले मैस्टाइटिस संक्रमण, जो ग्रामीण क्षेत्रों में थनैला रोग के नाम से प्रचलित है, की प्रारंभिक पहचान के लिए विकसित किया गया है।
- **कस्टमाइज्ड आरएफ ट्यूब सीलर** - यह उपकरण रक्त बैंक एवं स्वास्थ्य सेवाओं में उपयोग होने वाली रक्त बैग तथा अन्य चिकित्सा ट्यूबों की सुरक्षित एवं संक्रमण-मुक्त सीलिंग के लिए विकसित किया गया है। इसकी विशेषता यह है कि सीलिंग प्रक्रिया के दौरान बाहरी संपर्क न होने के कारण संक्रमण की संभावना अत्यंत कम हो जाती है।







## ✓ सीएसआईआर-सीरी में अग्नि सुरक्षा शिविर-सह-कार्यशाला का आयोजन

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की अग्रणी अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी में 29 जून, 2026 को अग्नि सुरक्षा शिविर-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के विद्युत एवं यांत्रिक अभियांत्रिकी प्रभाग द्वारा संस्थान सुरक्षा समिति के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं प्रशिक्षार्थी-विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के दौरान आमंत्रित अग्नि सुरक्षा विशेषज्ञ श्री नवीन कुमार, लक्ष्मी फायर सॉल्युशंस, पिलानी ने आग लगने के प्रमुख कारणों, विभिन्न प्रकार की आग तथा उनसे उत्पन्न होने वाले संभावित जोखिमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।





✓ **सीएसआईआर-सीरी ने दिव्यांग लाभार्थियों के सशक्तीकरण हेतु स्वदेशी पावर असिस्टिव हाइब्रिड ई-ट्राइक का वितरण प्रारंभ किया**

समावेशी गतिशीलता एवं सहायक प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत, सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी की एक टीम ने स्वदेशी पावर असिस्टिव हाइब्रिड इलेक्ट्रिक ट्राइक (ई-ट्राइक) का बड़े पैमाने पर क्षेत्रीय वितरण प्रारंभ किया है। इन ई-ट्राइकों का संयुक्त रूप से विकास सीएसआईआर-सीरी एवं बिट्स-पिलानी द्वारा DST/SEED परियोजना के अंतर्गत किया गया है। 25 जून 2026 को परियोजना के प्रथम चरण में 18 ई-ट्राइक चयनित लाभार्थियों को वितरित किए गए। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया, समूहप्रमुख डॉ. यू. एन. पाल, पीएमई प्रभाग के प्रमुख श्री प्रमोद तंवर, परियोजना प्रमुख डॉ. भाऊसाहेब अशोक बोत्ते, केंद्रीय कार्यशाला, बैच प्रोसेसिंग यूनिट, बिट्स-पिलानी के सदस्य एवं अन्य परियोजना कर्मी उपस्थित रहे।




## महत्वपूर्ण बैठकें

1. **विषय :** अनुसंधान परिषद (59वीं रिसर्च काउंसिल)

   **दिनांक :** 10/04/2026

   **स्थान :** सम्मेलन कक्ष, सीएसआईआर-सीरी

## समझौता ज्ञापन/एनडीए/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

1. **उद्योग/क्लाइंट :** एमआईईटी, मेरठ, उत्तर प्रदेश
   **प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टिट्यूशनल कोलैबोरेशन
   **दिनांक** – 01 अप्रैल, 2026

2. **उद्योग/क्लाइंट :** जेबी डायानेट एलएलपी, सूरत (गुजरात)
   **प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डायमंड आधारित सेमीकंडक्टर उपकरणों का संयुक्त विकास
   **दिनांक** – 01 अप्रैल, 2026

3. **उद्योग/क्लाइंट :** आंध्र प्रदेश मेडटेक ज़ोन, (AMTZ)
   **प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** ट्रांसलेशन ऑफ इनोवेटिव रिसर्च आउटकम्स इंटू कमर्शियली वायबल असिस्टिव रिहैबिलिटेटिव एंड हेल्थकेयर टेक्नोलॉजीज़
   **दिनांक** – 29 मई, 2026

4. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स नवशाली इनोवेशनस प्रा. लि.
   **प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** मिल्क मैस्टाइटिस डिटेक्शन सिस्टम
   **दिनांक** – 12 जून, 2026

5. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स रेमी इलेक्ट्रोटेक्नीक लि.
   **प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** कस्टमाइज्ड आरएफ ट्यूब सीलर प्रोटोटाइप
   **दिनांक** – 12 जून, 2026

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

1. **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 27$^{th}$ इंटरनेशनल सिम्पोज़ियम ऑन क्वालिटी इलेक्ट्रॉनिक डिज़ाइन (ISQED'26)
   **स्थान** - यूएसए
   **दिनांक** - 08-10 अप्रैल, 2026
   **शोध पत्र** - ए लो ओवरहेड डाई-लिथियम एनआईटी आर्किटेक्चर यूज़िंग एक्सेलरेटेड के-रेड मॉड्यूलर रिडक्शन यूनिट
   **प्रतिभागी/वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** - एच. गुप्ता, ए. गोयल, पी. धड़वाल, जे. गांधी डी. शेखावत, एम. संतोष एण्ड जे. जी. पांडेय

## एसीएसआईआर समाचार

✓ **पी एच डी प्री थीसिस ओपन कोलोक्युम**

1. **विषय :** जनरेशन एंड कलेक्शन ऑफ इलेक्ट्रॉन बीम फॉर हाई एफिशिएंसी हेलिक्स स्पेस ट्रैवलिंग वेव ट्यूब्स
   **प्रस्तुतकर्ता :** सुनीता आर्य, एसीएसआईआर पीएचडी छात्रा
   **दिनांक :** 27 अप्रैल, 2026

2. **विषय :** हैफ्नियम ऑक्साइड-बेस्ड सेल्फ-पावर्ड पाइरोइलेक्ट्रिक डिटेक्टर फॉर ब्रॉडबैंड ऑप्टिकल सेंसिंग एप्लिकेशन्स
   **प्रस्तुतकर्ता :** उत्तरा बी., एसीएसआईआर पीएचडी छात्रा
   **दिनांक :** 18 जून, 2026

## कौशल विकास कार्यक्रम/शिक्षण-प्रशिक्षण

- **कौशल विकास के अंतर्गत जनवरी से मार्च तक शैक्षणिक दौरा**

| स्कूल/कॉलेज का नाम | विद्यार्थियों की कुल संख्या |
|---|---|
| • बीआईटीओटी, बगड़<br>• आरपीएससीईटी, बलना महेंद्रगढ़<br>• मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद<br>• जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर<br>• मरोठिया अंग्रेजी माध्यम स्कूल, वापी<br>• ज्योति विद्यापीठ, बगड़ | 140 |

- **कार्यक्रम का नाम** – सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प)

| बैच | कॉलेज/संस्थान का नाम | प्रशिक्षित छात्रों की संख्या | अवधि |
|---|---|---|---|
| 22 | धीरुभाई अंबानी यूनिवर्सिटी, गुजरात | 27 | 18.05.2026 से 29.05.2026 |
| 23 | धीरुभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गुजरात, जेएलएम मथुरा | 36 | 01.06.2026 से 12.06.2026 |





## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ तिमाही प्रगति रिपोर्ट

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर जनवरी-मार्च, 2026 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 20 अप्रैल, 2026 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में जनवरी-मार्च, 2026 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 28 अप्रैल, 2026 को आयोजित की गई।

✓ प्रकाशन कार्य

1. त्रैमासिक राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 15, अंक 58 (जनवरी-मार्च, 2026)

✓ प्रतियोगिताएँ

1. कंप्यूटर पर हिंदी टंकण (प्रशासनिक सहकर्मी) (22.04.2026)
2. कंप्यूटर पर हिंदी टंकण (तकनीकी सहकर्मी) (25.05.2026)

## प्रशासनिक समाचार

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | पदोन्नत पद | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मुरली धर, स. अनु. अधिकारी (भं. एवं क्र.) | वित्तीय उन्नयन (MACP) | 19.06.2024 |
| 2. | श्री सुशील कुमार शर्मा क. स. सहायक(सा.) | वरि. सचि. सहायक (सा.) | 30.06.2026 |
| 3. | श्री हेमन्त शर्मा, क. स. सहायक (वि. एवं ले.) | व. सचि. सहायक (वि. एवं ले.) | 30.06.2026 |
| 4. | श्री रवि तँवर, एमटीएस | क. स. सहायक (भं. एवं क्र.) | 30.06.2026 |
| 5. | श्री अक्षय कुमार पुनियां व. स. सहा.(भं. एवं क्र.) | स. अ. अधिकारी (भं. एवं क्र.) | 01.07.2026 |
| 6. | डॉ. रंजन कुमार बारीक, वैज्ञानिक-एफ | वैज्ञानिक – जी | 07.02.2026 |
| 7. | डॉ. रमेश एम., वैज्ञानिक-सी | वैज्ञानिक – डी | 03.08.2026 |
| 8. | श्री सूर्य प्रकाश जे., वैज्ञानिक-ई | वैज्ञानिक – एफ | 17.10.2026 |
| 9. | डॉ. एस. संतोष कुमार, वैज्ञानिक-ई | वैज्ञानिक – एफ | 01.12.2026 |
| 10. | डॉ. राहुल प्रजेश, वैज्ञानिक-ई | वैज्ञानिक – एफ | 27.12.2026 |
| 11. | डॉ. धीरज खरबंदा, वैज्ञानिक-ई | वैज्ञानिक – एफ | 27.12.2026 |

**"हमें प्रयत्नपूर्वक हिंदुस्तान की सभी बोलियों व भाषाओं में जो उत्तम चीजें हैं, उन्हें हिंदी भाषा की समृद्धि के लिए उसका हिस्सा बनाना चाहिए और यह प्रक्रिया अविरल चलती रहनी चाहिए।"**

**- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**